प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से करेंगी सम्मानित।
- उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में बदलाव पर दिया जोर, कहा– कृषि और कृषि विकास पर नहीं दिया गया पर्याप्त ध्यान।
- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास कल भारतीय जनता पार्टी की दोबारा सदस्यता करेंगे ग्रहण।
- मौसम विभाग ने आज और कल कोहरा छाये रहने जबकि 28 और 29 दिसंबर को बारिश की जतायी संभावना।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नयी दिल्ली में सात वर्गों में असाधारण उपलब्धियों के लिए 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। पुरस्कृत होने वाले बच्चे 14 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से हैं। केंद्र सरकार कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, समाज सेवा, खेल और पर्यावरण के क्षेत्र में बच्चों की उपलब्धियों के लिए बाल पुरस्कार प्रदान करती है।

इस अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रव्यापी उत्सव वीर बाल दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग लेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी सुपोषित पंचायत योजना का उद्घाटन करेंगे, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना है। वह उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित भी करेंगे। एक रिपोर्ट–

गौरतलब है कि वर्ष 2022 में श्री मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। यह दिन गुरू गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के साहस और बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।

*******************

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि कृषि और कृषि विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। श्री धनखड़ तेलंगाना में आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम प्राकृतिक एवं जैविक किसान सम्मेलन–2024 को संबोधित कर रहे थे। श्री धनखड़ ने कहा कि आईसीएआर के संस्थानों के आत्म–आकलन की आवश्यकता है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल स्वामित्व योजना के अंतर्गत 56 लाख से अधिक परिसंपंत्ति कार्ड का वितरण करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी या बसावट वाले क्षेत्रों में परिसम्पित्ति मालिकों को भूमि के दस्ता्वेज प्रदान किए जाएंगे। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा है कि स्वामित्व योजना से भूमि स्वामी को मालिकाना प्रमाण मिलेगा।

*******************

झारखंड के पूर्व मुख्य मुख्यमंत्री रघुवर दास कल प्रदेश भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। सदस्यता लेने के साथ ही वे फिर से राजनीति में सक्रिय हो जायेंगे। गौरतलब है कि श्री दास को ओड़िशा का राज्यपाल बनाया गया था। हाल ही में उन्होंने राज्यपाल के पद से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वे आज रांची आयेंगे। इधर, ओड़िशा में पत्रकारों से बातचीत में रघुवर दास ने बताया कि पार्टी में उनकी भूमिका तय करेगी।

*******************

राज्य सरकार ने प्रधान सचिव रैंक के दो आइएएस अधिकारियों नितिन मदन कुलकर्णी और अजय कुमार सिंह को अपर मुख्य सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। इसके अलावा 13 आइएएस अधिकारियों को विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। प्रोन्नति पाने वाले अधिकारियों में रवि शंकर शुक्ला, नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संजीव कुमार बेसरा, अजय नाथ झा, अक्षय कुमार सिंह, मनमोहन प्रसाद, कुमुद सहाय, रवि रंजन, शशि भूषण मेहरा, प्रदीप तिग्गा, पूनम प्रभावती और मनोहर मरांडी शामिल हैं। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनकी सरकार झारखंड को विकसित बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। वे कल झारखंड आंदोलन के प्रणेता शहीद निर्मल महतो की 74वीं जयंती पर रांची में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शहीद निर्मल महतो के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है।

*******************

पलामू डाक विभाग में डोर–स्टेप की योजना शुरू की गयी है।

*******************

राज्य के किसान बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों की बीमा के लिए 31 दिसंबर तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। कृषि विभाग ने बताया कि प्रज्ञा केंद्र और बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के आधिकारिक पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है।

*******************

रांची जिले में स्थित जोन्हा फॉल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। पर्यटकों के लिए इन जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं।

*******************

चक्रधरपुर मंडल में ट्रैफिक ब्लॉक की वजह से 29 और 30 दिसंबर को विशाखापत्तनम–वाराणसी–विशाखापत्तनम एक्सप्रेस रद्द रहेगी, जबकि हैदराबाद–रक्सौल, सिंकदराबाद–दरभंगा और हटिया–पूरी तपस्विनी एक्सप्रेस 28 दिसंबर को निर्धारित समय की जगह विलंब से खुलेगी।

*******************

मौसम विभाग ने आज और कल कोहरा छाये रहने का अनुमान जताया है। इसके अलावा विभाग ने 28 और 29 दिसंबर को बारिश की भी संभावना जतायी है। 28 दिसंबर को गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला और सिमडेगा में जबकि 29 दिसंबर को गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम में बारिश की संभावना है। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 11 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस देवघर में दर्ज किया गया जबकि सबसे अधिक उच्चतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस सरायकेला में रहा।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

प्रभात खबर ने रघुवर दास के आज रांची आने और कल भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की खबर को पहली सुर्खी बनायी है।
दैनिक भास्कर ने झारखंड में दो से तीन रूपये पेट्रोल और डीजल के महंगा होने की संभावित खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है। हिंदुस्तान ने लिखा है– एनएचएम में छह हजार नौ सौ इक्यावन पदों पर होगी नियुक्ति।
दैनिक जागरण और अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने केन–बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के शिलान्यास की खबर को प्रमुखता दी है।
वहीं द टाइम्स ऑफ इंडिया ने अजरबैजान के विमान दुर्घटना में 30 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कियाह है।

***************